पंजाब केसरी
20-11-2025



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जयंती समारोह की अध्यक्षता करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (बलमोहन)

# रानी लक्ष्मीबाई का जीवन चरित्र युगों-युगों तक भारतीय जनमानस के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा : डॉ. रोहित दत्त

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुआ झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जयंती समारोह

अम्बाला, 19 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जयंती बड़े उत्साह, श्रद्धा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम ए.बी.वी.पी. के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, नेतृत्व और देश के प्रति समर्पण को स्मरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जो ज्ञान, शक्ति और प्रगति का प्रतीक है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त, ए.बी.वी.पी. के विभाग संगठन मंत्री मंजीत इग्राह, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई के अद्भुत संघर्ष एवं त्याग को नमन किया।

अपने संदेश में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता, दर्शन और मातृभूमि के प्रति प्रेम समेत पूरा जीवन चरित्र युगों-युगों तक भारतीय जनमानस के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और मूल्यों से जोड़ते हैं, जिससे उनमें नैतिक और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित होती है।

अपने संबोधन में ए.बी.वी.पी. के अम्बाला विभाग के संगठन मंत्री मंजीत इग्राह ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। इस अवसर पर कॉलेज और ए.बी.वी.पी. द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, उनके पराक्रम और समकालीन समाज में उनकी प्रेरणादायी भूमिका को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने राष्ट्रवाद, महिला सशक्तिकरण एवं वीरता को अपने विचारों और कला के माध्यम से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ किया गया।